जनगणना" गांधीनगर
CENSUS" GANDHINAGAR

Phone :
DCO(Direct) : 079-23230813
(General) : 079-23238067
079-23231156
Fax : 079-23237160
E-mail :dco-guj.rgi@censusindia.gov.in

प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु का रजिस्ट्रीकरण सुनिश्चित करें

# भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

## गृह मंत्रालय

MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA

**जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात**

सेन्सस भवन, सेक्टर 10/ए, गाँधीनगर-382010
Census Bhavan, Sector 10/A, Gandhinagar-382010

2011

**सं0-डी-14014/2/2015-जन(गुज)-------** 1310

**प्रशासन अनुभाग**

दिनांक:- 26 AUG 2016

## विज्ञप्ति

जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात, गांधीनगर द्वारा "जनगणना भवन" सेक्टर-10/ए, गांधीनगर में सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु एक वर्ष के लिए सक्षम अनुभवी फर्मों से सील बन्द निविदा द्वि बिड़-प्रणाली (Two Bid System) से आमंत्रित करता है।

इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा दिनांक 09/09/2016 को दोपहर 2.00 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात "जनगणना भवन" सेक्टर-10/ए, गांधीनगर-382 010 में रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से अथवा निदेशालय में रखे बॉक्स में डाला जा सकता है। निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात गांधीनगर से ₹ 100/- मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट "आहरण एवं वितरण अधिकारी" जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात" के पक्ष में जमा करके दिनांक 08/09/2016 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापिस नहीं होगा। निविदा फार्म वेवसाईट- www.censusindia.gov.in (Tender) से डाउन लोड भी किया जा सकता है।

26/8/16

(एस0आर0देसाई)
सहायक निदेशक(कार्यालय प्रमुख)
जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात
गांधीनगर -382 010

प्रतिलिपि:-

1. नोटिस बोर्ड
2. भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय की वेवसाइट पर

# निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से जनगणना भवन, सेक्टर-10/ए, गांधीनगर की सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु इच्छुक फर्मों द्वारा अपनी तकनिकी बिड़ (Technical Bid) एवं वित्तीय बिड़ (Financial Bid) को अलग-अलग लिफाफों में जिन पर स्पष्ट अक्षरों में निविदा सूचना और निर्धारित तारीख लिखकर एक बड़े लिफाफे में रखकर दिनांक 09/09/2016 तक दोपहर 2.00 बजे तक भेज सकते हैं अथवा कार्यालय में रखे निविदा बोक्स में सीधे जमा कर सकते हैं। तकनिकी बिड़ में दिंए गए शर्तो को पूर्ण करने के पश्चात ही वित्तीय बिड़ को खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

प्राप्त निविदा दिनांक 09/09/2016 को सांय 3.00 बजे इस निदेशालय की क्रय समिति द्वारा निविदादाताओ अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

जनगणना कार्य निदेशालय, सेक्टर-10/ए, गुजरात, गांधीनगर, जनगणना भवन के छ: तल, बाथरुम, फर्नीचर, विधुत उपकरण, जनरेटर सैट, टोरेन्ट पावर रुम, पंप हाउस एवं खुला एरिया जिसमें पार्किंग तथा मोटर साईकिल स्टेंड भी सम्लित है सफाई का कार्य सामग्री सहित किया जाना है। जिनका विवरण निम्नलिखित है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भूतल (बैसमेन्ट) | 261.172 चो0मी0 |
| 2. | प्रथम तल | 271.166 चो0मी0 |
| 3. | द्वितीय तल | 624.576 चो0मी0 |
| 4. | तृतिय तल | 624.576 चो0मी0 |
| 5. | चतुर्थ तल | 624.576 चो0मी0 |
| 6. | पंचम तल | 624.576 चो0मी0 |
| 7. | छठा तल | 624.576 चो0मी0 |
| 8. | स्टेर केबिन | 101.670 चो0मी0 |
| 9. | प्लोट एरिया | 3500 .00 चो0मी0 |

**तकनिकी बिड़ (Technical Bid) निम्नांकित प्रमाण पत्रों /प्रपत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।**

1. फर्म का पंजीयन ई.पी.एफ संगठन तथा ई.एस.आई कार्पोरेशन में होना अनिवार्य है। ई.पी.एफ संगठन तथा ई.एस.आई कार्पोरेशन में पंजीयन बिना फर्म का टेण्डर निरस्त माना जाएगा।
2. फर्म को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
3. निविदाकर्ता का विगत 3 वर्षों का वार्षिक Turn Over कम से कम राशि 10 लाख होना आवश्यक है एवं इस निविदा हेतु चार्टड एकाउन्टेंट द्वारा आडिट की हुई वर्ष 2015-16 की Audited Balance Sheet की छायाप्रति लगाना आवश्यक है।
4. PAN नम्बर एवं गत तीन वर्षो की ITR की प्रतिया संलग्न करना आवश्यक है।
5. सर्विस टेक्स रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र देना आवश्यक है।
6. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी ₹ 10,000/- का (₹ दस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/पे ओर्डर/एफ0डी0/अर्नेस्ट मनी (EMD) के रुप में "आहरण एवं वितरण अधिकारी" जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात" के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है। अनुबंध अवधि में कार्य छोडने पर निविदादाता द्वारा जमा की गई अर्नेस्ट मनी (EMD) कार्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी।
7. यदि निविदादाता वेवसाईट से डाउनलोंड करता है तो ₹ 100/- (₹ एक सौ मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो "आहरण एवं वितरण अधिकारी " को देय हो संलग्न करना अनिवार्य है।

26/8/16

वित्तीय बिड़ (Financial Bid)

1. कार्य करने वाले कर्मियों के संबंध में प्रतिदिन सफाई कर्मी हेतु (24 दिनों का प्रतिमाह ) प्रति व्यक्ति का दर प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा प्रस्तुत करते समय यह ध्यान रखें कि कार्य करने वाले कर्मियों का तत्समय प्रभावी नियमानुसार EPF, ESI इत्यादि की कटौती करना अनिवार्य होगा और इसकी जानकारी इस कार्यालय को देनी होगी। इसके अतिरिक्त नियमानुसार आयकर संबंधी TDS की कटौती भी की जाएगी।
3. वित्तीय बिड़ संलग्न अनुलग्नक - I में भरना होगा।

निविदा के दौरान किये जाने वाले कार्य का विवरण एवं नियम व शर्तें :-

1. फर्म आधार के माध्यम से भुगतान करना सुनिश्चित करेगी और आउटसोर्स कर्मियों का आधार से बैंक खाता जुडा हुआ होना आवश्यक है। आउटसोर्स कर्मियों के दस्तावेज प्रतिपूर्ति करने हेतु वास्तविक फर्म द्वारा सबूत के तौर पर प्राप्त होने के बाद ही फर्म को भुगतान किया जाएगा।
2. प्रत्येत आउटसोर्स कर्मी की उपस्थिति आधार बायोमेट्रिक /लोग रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य है।
3. EPF, ESIC, etc आदि संवैधानिक भुगतान कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में जमा के प्रुफ के रुप में चालान जमा करने पर फर्म को प्रतिपूर्ति की जाएगी।
4. अगर निविदा में दी गई शर्तों के दस्तावेज उपलब्ध नहीं किये गए है तो निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. जनगणना कार्य निदेशालय का समय प्रात: 9.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक है। एयर कण्डीशनर, कमरों एवं कम्प्युटरों की सफाई वैक्युम क्लीनर्स से प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा आवश्यकतानुसार सफाई करानी होगी ताकि वहाँ पर पूर्णत: सफाई हो सके।
6. उपरोक्त क्षेत्रफ़ल को दृष्टिगत रखते हुए सफाई कर्मियों की कुल संख्या 5 होगी ।
7. कार्यालय में पूर्णरुप से सफाई न करने या किसी क्षेत्र की सफाई छुट जाने पर या सफाई कार्य में लापरवाही करने पर अथवा पर्याप्त मात्रा में सफाई सामग्री का उपयोग न करने पर भुगतान काटा/रोका जा सकता है।
8. कार्यालय भवन का सफाई कार्य प्रात: 9.30 बजे तक प्रत्येक दशा मे समाप्त करना होगा तथा सफाई कर्मियों को सांय 5.00 बजे तक कार्यालय में रहना होगा
9. कोटेशन / टेन्डर कार्य प्रारम्भ करने से एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
10. निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक उपर्युक्त भवन जिसकी सफाई कार्य के लिए एक वर्ष हेतु अनुबंध किया जाना है का निरीक्षण कर सकते हैं।
11. शौचालय के मोजाइक टाईल्स की सफाई उपयुक्त डिटर्जेंट /एसिड द्वारा करनी है।
    कार्यालय में उचित रख-रखाव हेतु निविदादाता को निम्नलिखित सामग्रियों का प्रयोग करना है।
    (i) बाथरुम हेतु साबुन, फिनाईल,एसिड, नेपथालीन बॉल एवं ओडोनील एवं एयर फ्रेशनर।
    (ii) अन्य सामग्री जो आवश्यक हो।
12. कार्यालय परिसर में यदि मृत जानवर तथा सर्प, मधुमक्खी के छत्ते, चुहा छिपकली मकडी के जाले एवं अन्य कीडे-मकोडे आदि पाये जाते हैं तो उसे हटाकर साफ-सफाई की जानी है।

26/8/16

13. प्रत्येक माह के अन्त में विभिन्न अनुभागों के अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी से सफाई सामग्री सहित सफाई कार्य संतोषप्रद किये जाने संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त कर बिल के साथ संलग्न करना होगा।

14. निविदा प्रत्येक दशा में दिनांक 09/09/2016 को दोपहर 2.00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट/ कोरियर द्वारा भेज सकते है अथवा कार्यालय में रखे निविदा बोक्स में सीधे जमा कर सकते हैं।

15. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात , गांधीनगर के पास सुरक्षित होगा।

16. डी0सी0सी अनुभाग को छोड़कर सभी अनुभाग 5 दिन (सोमवार से शुक्रवार) तक खुलते है, डी0सी0सी अनुभाग 6 दिन सोमवार से शनिवार (द्वितीय एवं चौथे शनिवार को छोडकर) तक खुला रहेगा, तदानुसार कार्य किया जाना है। फिर भी आवश्यकता पडने पर रविवार तथा अन्य सार्वजनिक अवकाश वालें दिनों में सफाई कार्य किया जाना है।

17. पाँचवा तल एवं छठे तल पर रिकार्ड रुम होने के कारण सप्ताह में दो दिन सफाई कार्य किया जाना है।

26/9/16

(एस0आर0देसाई)
सहायक निदेशक(कार्यालय प्रमुख)
जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात
जनगणना भवन, सेक्टर -10/ए
गांधीनगर -382 010

अनुलग्नक - I

# निविदा का प्रारुप

निविदा संख्या सं0-डी-14014/2/2015-जन(गुज)1310--------दिनांक 26/08/2016 में दिए गए नियम एवं शर्तों के अनुसार एक वर्ष के लिए कार्यालय भवन के सभी तलों, बाथरुम फर्नीचर, पार्किंग, मोटर साईकिल स्टेण्ड, विद्युत उपगृह, पंप हाउस एवं खुले एरिया की सामग्री सहित सफाई कार्य निम्नानुसार प्रति दिन की दर से करने की सहमति देता हूँ।

| क्रम संख्या | विवरण | प्रति व्यक्ति दर |
|---|---|---|
| 1 | न्युनतम मजदूरी (प्रति व्यक्ति प्रति दिन)* | |
| 2 | EPF* | |
| 3 | ESI* | |
| 4 | सेवा कर | |
| 5 | एजेन्सी चार्ज | |
| | कुल योग | |

*राज्य सरकार द्वारा घोषित की गई न्युनतम मजदूरी, EPF एवं ESI के आदेश के साथ प्रस्तुत करें।

| क्रम संख्या | सामग्री का नाम (मौजूदा बाजार दरों के अनुसार इस्तेमाल किया जायेगा) | प्रति माह उपयोग हेतु सामग्री मात्रा | रेट प्रति नग | टोटल | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फिनाईल | 25 लीटर | | | |
| 2 | एसीड | 15 लीटर | | | |
| 3 | लिक्वीड सोप (डिटोल/लाईफबोय) | 10 नग | | | |
| 4 | नेपथालिन (कलर बोल) | 2 किलोग्राम | | | |
| 5 | ओडोनील टोयलेट फ्रेसनर | 10 नग | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**नोट-**फर्म द्वारा प्राईज बिड़ के सभी पेज पर हस्ताक्षर एवं मुहर लगाना अनिवार्य है।

हस्ताक्षर

नाम
फर्म का नाम व पता (मुहर सहित)
EMD राशि का विवरण
दिनांक

26/8/16